9

न्यायालय सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट (फास्ट–ट्रेक) नवलगढ़ जिला झुन्झुनू
पीठासीन अधिकारी सुशील कुमार सैनी (आर.ए.एस.)

मुकदमा नम्बर 236 / 2020 — दायर दिनांक–26.11.2020

1. नत्थूराम पुत्र गोरूराम जाति माली निवासी उदयपुरवाटी हाल आबाद ग्राम गिरधरपुरा तहसील नवलगढ़ जिला झुंझुनू।

बनाम

1. भूमि धारक (लैण्ड होल्डर) तहसीलदार नवलगढ़ तहसील नवलगढ़ जिला झुंझुनू।
2. राजस्थान ग्रामीण बैंक वर्तमान नाम बड़ौदा राजस्थान क्षैत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा परसरामपुरा तहसील नवलगढ़ जिला झुंझुनू जरिये शाखा प्रबंधक।

–प्रतिवादीगण

वकील वादी : – श्री किशोर कुमार जांगिड़
वकील प्रतिवादी :– एकपक्षीय

दावा बाबत घोषणार्थ
व दुरूस्ती रिकॉर्ड

–:: निर्णय ::–

दिनांक– 18.11.2024

वादी ने एक वाद पत्र इस कदर पेश किया कि ग्राम गिरधरपुरा शाहपुरा पटवार हल्का टोंकछिलरी की सरहद में स्थित भूमि खसरा नम्बर 674 रकबा 0.5000 है0, खसरा नम्बर 675 रकबा 0.3200 है0, खसरा नम्बर 672 रकबा 0.0100 है0 खसरा नम्बर 673 रकबा 1.2400 है0 भूमि मे नथूराम पुत्र बोदूराम के स्थान पर वादी नत्थूराम पुत्र गोरूराम को खातेदार काश्तकार घोषित किया जावे।

उपरोक्त अनुसार राजस्व अभिलेख में अंकन हेतु तहसीलदार नवलगढ़ को आदेशित किया जावे।

वादी द्वारा वाद–पत्र पेश होने बाद अवलोकन दर्ज रजिस्टर किया गया तथा तलबी प्रतिवादीगण जारी की गई। प्रतिवादीगण की तलबी सम्यक रूप होने के बाजवूद उपस्थित न्यायालय हाजा नही होने पर इनके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल लाई गई।

प्रतिवादीगण के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही होने पर प्रकरण में तनकीयात कायम नही की गई। वकील वादी ने शहादत वादी हेतु नत्थूराम पुत्र गौरूराम का चीफ का सपथ पत्र पेश किया। वादी द्वारा अपने वाद–पत्र के समर्थन में निम्न दस्तावेजात नकल जमाबंदी सम्वत 2075–78, नकल फोटो कॉपी आधार कार्ड, नकल फोटो कॉपी जन आधार कार्ड, नकल फोटोकॉपी राशन कार्ड तथा नकल फोटोकॉपी पहचान पत्र पेश किये।

बहस वकील वादी सुनी गई। वकील वादी ने वाद पत्र में दर्ज तथ्यों को दोहराया। बहस का मनन किया गया तथा पत्रावली का एवं उपलब्ध दस्तावेजात का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजों के अवलोकन से स्पष्ट है कि विवादित भूमि के राजस्व रिकॉर्ड में वादी नत्थूराम पुत्र गोरूराम का नाम नथूराम पुत्र गौरूराम सहवन से दर्ज किया गया है जिसे दुरूस्त किया जाना न्यायोचित है। फलस्वरूप वाद वादी न्यायोचित होने से स्वीकार किया जाता है।

:: आदेश ::

वाद वादी स्वीकार किया जाता है। वाके राजस्व ग्राम गिरधरपुरा शाहपुरा पटवार हल्का टोंकछिलरी की सरहद में स्थित भूमि खसरा नम्बर 674 रकबा 0.5000 है0, खसरा नम्बर 675 रकबा 0.3200 है0, खसरा नम्बर 672 रकबा 0.0100 है0 खसरा नम्बर 673 रकबा 1.2400 है0 भूमि मे नथूराम पुत्र बोदूराम के स्थान पर वादी नत्थूराम पुत्र गोरूराम को खातेदार काश्त[illegible] किया जाता है तथा घोषित खातेदारी अनुसार राजस्व रिकॉर्ड दुरूस्त किये जाने हेतु तह[illegible]र न[illegible] को आदेशित किया जाता है। तहसीलदार नवलगढ़ को तहरीर जारी हो। खर्चा पक्षकारान अपना [illegible] वहन करेंगे। तदनुसार पर्चा डिक्री जारी हो। निर्णय आज दिनांक 18.11.2024 को खुले न्यायालय [illegible] गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Sushil Kumar Saini
Date: 2025.05.08 10:57:53 IST
Reason: SelfAttested

(सुशील कुमार सैनी)
सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक
मजिस्ट्रेट (फास्ट ट्रेक) नवलगढ़

(ओ 20 रूल्स 6–7 जाप्ता दिवानी)
अज अदालत सहायक कलक्टर (फास्ट–ट्रेक) नवलगढ़
मुकाम बईजलास सुशील कुमार सैनी (आर.ए.एस.)

दावा बाबत : घोषणा व रिकॉर्ड दुरूस्ती

मुकदमा सं0:– 236/2020 **(नत्थूराम बनाम तहसीलदार आदि)**

अंतिम पर्चा डिक्री

यह मुकदमा आज वास्ते इफिसला कतई रूबरू सुशील कुमार सैनी (आर.ए.एस.), सहायक कलक्टर (फास्ट–ट्रेक) नवलगढ बहाजिरी..वकील वादी मिनजानिब मुद्दई रूबरू मनजानिब मुद्दालय पेश होकर हुक्म दिया जाता है व डिकी दी जाती है।

निर्णय दिनांक 18.11.2024 निर्णय अनुसार वाद वादी वीकार किया जाता है। वाके राजस्व गिरधरपुरा शाहपुरा पटवार हल्का टोंकछिलरी की सरहद में स्थित भूमि खसरा नम्बर 674 रकबा 0.5000 है0, खसरा नम्बर 675 रकबा 0.3200 है0, खसरा नम्बर 672 रकबा 0.0100 है0 खसरा नम्बर 673 रकबा 1. 2400 है0 भूमि मे नथूराम पुत्र बोदूराम के स्थान पर वादी नत्थूराम पुत्र गोरूराम को खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है तथा घोषित खातेदारी अनुसार राजस्व रिकॉर्ड दुरूस्त किये जाने हेतु तहसीलदार नवलगढ़ को आदेशित किया जाता है। तहसीलदार नवलगढ़ को तहरीर जारी हो। खर्चा पक्षकरान अपना–अपना वहन करेगे।

बसक्षत मेरे दस्तखत व मुहर अदालत से आज तारीख 18.11.2024 को जारी की गई।

सुशील कुमार सैनी (R.A.S.)
सहायक कलक्टर (फा.ट्रे.) नवलगढ
ए. सी. एम. (फा.ट्रे.) मंदिर नवलगढ

मुद्दई	रूपया पैसे	मुद्दासलह	रूपये पैसे
स्टाम्प अर्जी दावा	04.00	स्टाम्प अर्जी दावा	0.00
वकालतनामा स्टाम्प	02.00	स्टाम्प वकालतनामा	0.00
स्टाम्प वजह सबूत	–	स्टाम्प अर्जी	–
महनताना वकील	–	महनताना वकील	–
खर्चा गवाहान	–	खर्चा गवाहान	–
फीस कमिश्नर	–	फीस कमिश्नर	–
बाबत इजराय हुक्मनामा	–	बाबत इजराय हुक्मनामा	–
मुतफरिक मिजान	06.00	मुतफरिक मिजान	0.00
कुल	12.00		0.00

Signature Not Verified

Digitally signed by Sushil Kumar Saini
Date: 2025.05.08 10:57:53 IST
Reason: SelfAttested